**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**
**(छत्तीसगढ़ी)**

**18.10 रविवार** **दिनांक 29.12.2024**

*************************************************

**प्रमुख समाचार** –

- **मन की बात कारीकरम म प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ह बस्तर ओलंपिक ल सोरयाइन– किहीन कि बस्तर ओलंपिक के सपना साकार होइस।**
- **राजधानी रइपुर के सिलतरा के एक ठन फैक्ट्री म बड़का हादसा होगिस– क्रेन गिरे ले दू आपरेटर के मउत।**
- **पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा अउ उंखर बेटा हरीश कवासी ले काली ईडी ह करही पूछताछ।**

**मन की बात–01**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ह किहीन कि संविधान हमर बर मार्गदर्सक हे अउ ए ह गरब के गोठ हे कि **भारतीय संविधान** के अवइया छब्बीस जनवरी के पचहत्तर बछर पूरा होवत हे। आकाशवाणी के मन की बात कारीकरम म देस ल संबोधित करत श्री मोदी ह किहीन कि संविधान ह बेरा के हर कसौटी उपर खरा उतरे हे। ओमन किहीन कि ए बछर संविधान दिवस के मउका म कतकोन गतिविधि सुरू होइन हें, जउन बछर भर चलत रइहीं। संविधान के विरासत ले नागरिक मन ल जोड़े बर **'डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट कॉन्स्टि्यूशन सेवंटी फाइव डॉट कॉम'** के नांव ले एक ठन बिसेस वेबसाइट बनाय गेहे। जेला देखे बर जम्मों सुनइया ें मन ले अनुरोध करीन हें। श्री मोदी ह किहीन कि अवइया नवा बछर म 13 जनवरी ले प्रयागराज म महाकुंभ होवइया हे। एखर बर संगम तिर म जोरदार तियारी चलत हे। प्रधानमंत्री ह ए गोठ उपर गरब करीन कि महाकुंभ के बिसेसता सिरिफ एखर बड़का होय के सेति नइ भलुक एखर विविधता म हे।

**मन की बात–02**

एनीमेसन ल लेके श्री मोदी ह खुसी जतावत किहीन कि कृष, तृष अउ बाल्टीबॉय, केटीबी, लइका मन म एक सुपरहिट एनीमेसन सीरीज हे, जेखर दूसरइया सीजन जबर अंदाज म गोवा अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म महोत्सव म सुरू होय रिहीस। एला दूरदर्सन के संगे–संग आने ओटीटी प्लेटफार्म म देखे जा सकत हे। आकाशवाणी ले ए सीरीज के प्रसारण हर इतवार के बिहनिया साढ़े दस बजे करे जाथे।

**मन की बात–बस्तर ओलंपिक**

**मन की बात** कारीकरम म प्रधानमंत्री ह बस्तर ओलंपिक के घलो गोठबात करीन। ओमन किहीन कि पहिली घांव ए ओलंपिक ले बस्तर म एक नवा क्रांति जनम लेवत हे। ए उछाह के गोठ हे कि बस्तर ओलंपिक के सपना साकार होइस हे। ए ह वो क्षेत्र म होवत हे, जउन कभू माओवादी हिंसा के गवाह रेहे हे। बस्तर ओलंपिक के सुभंकर हें– वनभैंसा अउ पहाड़ी मैना। एमा बस्तर के समृध्दि अउ संस्कृति के झलक दिखथे। बस्तर खेल महाकुंभ के मूलमंत्र आय– "करसाय त बस्तर–बरसाय त बस्तर" माने खेलही बस्तर–जितही बस्तर"।

प्रधानमंत्री ह किहीन कि पहिली घांव आयोजित ए ओलंपिक म बस्तर संभाग के सात जिला के **एक लाख पंद्रह हजार** खिलाड़ी मन हिस्सा लेइन। ए ह सिरिफ एक आंकड़ा नोहय भलुक युवा मनके संकल्प के गौरवगाथा हे।

ए ओलंपिक म एथलेटिक्स, तीरांदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफिटंग, कराटा, कबड्डी, खो–खो अउ वॉलीबाल जइसन खेल म युवा मन अपन प्रतिभा के परचम लहराइन। ए इलाका के कारी कश्यप के कहानी प्रेरणा देवइया हे। नानचुन गांव के रहइया कारी कश्यप ह तीरांदाजी म रजत पदक जीते हे। ओमन बतइन कि बस्तर ओलंपिक ह खेल के मैदान नइ, जीवन म आगू बढ़े के मउका देय हे। उहें, भाला फेंक म स्वर्ण पदक जीतइया सुकमा के पायल कवासी ह बतइन कि ओमन अनुशासन अउ सरलग महिनत ले कोनो घलो लक्ष्य ल

पाना असंभव नइ हे। अइसने ढंग ले सुकमा जिला के दोरनापाल के रहइया पुनेम सन्ना ह व्हीलचेयर म दउड़के पदक जितिस। उंखर साहस अउ हउसला हर कोनो बर सीखे के लइक हे।

प्रधानमंत्री ह किहीन कि कोंडागांव के तीरांदाज रंजू सोरी ल **बस्तर यूथ आईकॉन** चुने गेहे। रंजू सोरी के मानना हे कि बस्तर ओलंपिक दूर–दराज के युवा मन ल राष्ट्रीय मंच तक पहुंचे के मउका देवत हे।

इही बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ह प्रधानमंत्री श्री मोदी के आभार जतइन हे। श्री साय ह किहीन कि प्रधानमंत्री के विस्वास ले छत्तीसगढ़ सरकार ल बस्तर के प्रगति बर कारज करे के अउ ऊर्जा मिलही। संगे–संग बस्तरवासी मनके हउसला घलो बाढ़ही।

## लखमा–बयान

प्रदेस के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा ह किहीन कि प्रवर्तन निदेसालय माने ईडी के टीम ह ओमन के संग उंखर बेटा ले पूछताछ बर काली बलाय हे। आज रइपुर म मीडिया ले गोठबात करत श्री लखमा ह आरोप लगइन कि ईडी के छापा ह राजनीति ले प्रेरित हे, अउ अवइया निकाय के संगे पंचायत चुनई म उंखर छवि खराब करे बर अइसन ढंग के कार्रवाही करे जात हे। श्री लखमा ह दावा करिन कि उंखर घर ले कोनो आपत्तिजनक दस्तावेज नइ मिले हे। ओमन अनपढ़ हे अउ प्रशासनिक अधिकारी मन ओमन ल घोटाला ले जुरे कोनो घलो गतिविधि के बारे म ओमन ल अंधियार म राखिन। श्री लखमा ह यहू किहीन कि ओमन ल ए घोटाला के कोनो जानकारी नइये।

बतादन कि काली श्री लखमा के रइपुर स्थित अउ उंखर बेटा हरीश कवासी के सुकमा स्थित घर म ईडी ह छापामारी करे रिहीस। ईडी ह कुछ लोगन ल हिरासत म लेहे, उहें कवासी लखमा उंखर बेटा समेत कुछ लोगन ल समन जारी करे हे।

## फैक्ट्री हादसा

राजधानी रइपुर ले लगे औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा के एक ठन फैक्ट्री म बड़का हादसा होगिस। फैक्ट्री म क्रेन गिरे ले दू झन आपरेटर मनके मउत होगिस। सिलतरा चौकी प्रभारी बालेश्वर लहरे ह बतइन कि ए घटना बीते रतिहा होइस। एखर जानकारी मिलतेच पुलिस के टीम ह मउका म पहुंचिस अउ राहत –बचाव कारज सुरू करिस। ओमन बतइन कि प्लांट म लोहा के जिनिस तियार करे जाथे। क्रेन म गरम लोहा के जिनिस एक ले दूसर जघा लेगे के बेरा क्रेन टूटे ले हादसा होइस। ओमन बतइन कि ए घटना के बारे म प्लांट प्रबंधन ले पूछताछ करे जावत हे। उहें, प्लांट प्रबंधक ह मृतके के परिजन मन ल 21–21 लाख रूपिया के आर्थिक सहायता रासि के चेक दीन। संगे–संग एक–एक लाख रूपिया नगद रासि घलो देय गिस।

## फार्मास्युटिकल पार्क

छत्तीसगढ़ म सेंट्रल इंडिया के नवा फार्मास्युटिकल हब बनइया हे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ह एखर बर मंजुरी दे दीन हें। फार्मास्युटिकल हब बर नवा रइपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण–एनआरडीए के डाहर ले सेक्टर –22 तूता गांव म छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम ल करीबन 142 एकड़ जमीन आबंटित करे गेहे। फार्मास्युटिकल पार्क ले नवा अनुसंधान, विकास अउ अंतर्राष्ट्रीय निवेस बाढ़ही। मुख्यमंत्री ह किहीन कि प्रदेस म विश्व स्तरीय चिकित्सा सेवा आम लोगन ल सुलभ होय एखर बर प्रभावी इको सिस्टम तियार करे के उदीम करे जावत हे। फार्मास्युटिकल पार्क के स्थापना एखरे एक ठन कड़ी आय। ओमन बतइन कि नवा औद्योगिक नीति म घलो फार्मास्युटिकल क्षेत्र के उद्योग मन ल आने–आने सुविधा अउ छूट दे जाय के प्रावधान करे गेहे।

**<u>अनवर ढेबर–जमानत खारिज</u>**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ह कथित सराब घोटाला मामला म जेल म बंद अनवर ढेबर के जमानत याचिका ल खारिज कर देहे। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा के कोर्ट ह अपन आदेस म किहीन कि सर्वोच्च न्यायालय के मानना हे कि भ्रष्टाचार केवल एक मामला नइ, ए ह दंडनीय अपराध हे। ए ह अप्रत्यक्ष रूप ले मानवाधिकार घलो कमजोर करथे। व्यवस्थित भ्रष्टाचार आर्थिक अपराध ल जनम देथे, एखर असर जम्मों देस के अर्थबेवस्था उपर परथे। कोर्ट ह किहीन कि मामला के गंभीरता ले देखत आरोपी ल जमानत के लाभ नइ दे जा सकय।

**<u>मौसम</u>**

प्रदेस म काली ले ठंड बाढ़े के संभावना हे। मौसम विभाग ले मिले जानकारी के मुताबिक हवा के दिसा बदले के आसार हे। एखर असर ले नमी के मात्रा म कमी आही। जेखर सेति, न्यूनतम तापमान म गिरावट के दउर सुरू होही। उहें, परनदिन एक जनवरी ले उत्तर छत्तीसगढ़ के कई ठिन जघा म सीतलहर चले के संभावना हे।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के अध्यक्षता म काली मंत्रालय म मंझनिया के बाद राज्य मंत्रिमंडल के बइठका होही।

– बीजापुर जिला म सुरक्षाबल मन बरामद करे गे आईईडी बम ल मउका म निष्क्रिय कर दीन।

– बीजापुर जिला म सुरक्षाबल के टीम ह एक झन इनामी समेत तीन माओवादी मन ल गिरफ्तार करे हे।

– दुरूग जिला के नंदिनी थाना इलाका म धमधा रद्दा म एक ठन कार ह रूख ले टकरा गिस। हादसा म दू लोगन के मउत होगे।

************************************